# न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एंव अपर जिला मजिस्ट्रेट बाड़मेर

## पीठासीन अधिकारी श्री ओ0पी0बिश्नोई आर.ए.एस.

परिवाद संख्या 01/2018

प्रार्थी

भूराराम गोदारा
खाद्य सुरक्षा अधिकारी
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाड़मेर

बनाम

अप्रार्थीगण

पारसमल पुत्र इन्द्रलाल जाति जैन (ओसवाल) निवासी जूनि वास, खागल मोहल्ला, पादर मोहल्ला, बाड़मेर (राज0) (फर्म मैसर्स पारसमल इन्द्रलाल पुरानी सब्जी मण्डी बाड़मेर का मालिक)

अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2 (ii) खाध सुरक्षा एंव मानक अधिनियम,2006 व नियम 2011

उपस्थितः–1. सहायक लोक अभियोजक प्रथम प्रार्थी की ओर से।
2. श्री मनीष शर्मा अधिवक्ता अप्रार्थी की ओर से।

## निर्णय

दिनांक 06.06.2018

1. प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत परिवाद के अनुसार दिनांक 11.06.2017 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाड़मेर द्वारा दौराने गश्त दोपहर 01.00 बजे मैसर्स पारसमल इन्द्रलाल पुरानी सब्जी मण्डी बाड़मेर पहुंचने पर दुकान में एक व्यक्ति बैठा हुआ मिला, जिसका नाम व पता पूछने पर अपना नाम पारसमल पुत्र इन्द्रलाल जाति जैन निवासी जूनी चौक वास, खागल मोहल्ला बाड़मेर (मैसर्स पारसमल इन्द्रलाल पुरानी सब्जी मण्डी बाड़मेर का मालिक) बताया। दुकान का निरीक्षण करने पर दुकान में आम जनता को बिक्री हेतु अन्य खाद्य पदार्थ के साथ घी (खुला) रखा हुआ पाया गया। घी (खुला) में मिलावट

न्याय निर्णयन अधिकारी एव
अपर जिला मजिस्ट्रेट बाड़मेर

का संदेह होने पर रूबरू गवाह के समक्ष मालिक विक्रेता को रूपये 320/- नगद अदा कर 800 ग्राम घी (खुला) खरीदा एवं रूपयो की रसीद/केश मीमो प्राप्त की। खरीदे गये 800 ग्राम घी को चार साफ सुखी एवं खाली कांच की शिशियो में बराबर-बराबर मात्रा में भरा गया तथा प्रत्येक शीशी पर एयरटाईट ढक्कन लगाकर बन्द किया। विक्रेता व गवाह के सामने 4 लेबल तैयार किये जिस पर डी.ओ.कोड व सीरियल नम्बर पी. 791 खाद्य पदार्थ का विवरण एंव नमूना लेने का स्थान एंव दिनांक अंकित की गई। प्रत्येक पैकेट पर लेबल चिपकाया। जिस पर प्रार्थी व गवाहो व मालिक विक्रेता के हस्ताक्षर कराये गये। प्रत्येक नमूने को मोटे व खाखी कागज में लपेट कर इस पर पेपर स्लीप कोड एंव सिरियल नम्बर पी. 791 चिपकाकर मजबूत व मोटे धागे से बांधकर चिपडी लगाकर नियमानुसार सील बंद किया। प्रत्येक नमूने पर विवरण अंकित कर प्रार्थी व गवाहो के पेपर स्लीप को क्रॉस करते हुए हस्ताक्षर करवाये। फार्म नम्बर 5 ए भरकर गवाहो के हस्ताक्षर कराये जिसकी प्रति मालिक विक्रेता को दी गई। मौके पर ही गवाहो की उपस्थिति में मौकाफर्द तैयार की गयी। समस्त कार्यवाही पूर्ण करने के बाद कार्यालय आकर नमूना पी.791 जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक, खाद्य सुरक्षा एंव मानक प्रयोगशाला जोधपुर को भिजवाया गया। फार्म नम्बर 06 की प्रतियां तैयार की गयी। नमूना सील जिसका प्रयोग सेम्पल लेते वक्त नमूना सील करने में किया गया। एक प्रति नमूने के साथ रखकर आउटर कवर के साथ उसी ब्राससील से सील किया जिसका प्रयोग चारो नमूनो को सीलबन्द करने में किया गया एंव आउटर कवर कर नमूना विवरण अंकित किया गया एंव एक लिफाफे में फार्म नम्बर 06 की एक प्रति रखकर खाद्य सुरक्षा लैब जोधपुर का पता अंकित कर ब्राससील द्वारा लिफाफे को सील बन्द किया गया। नमूनो के शेष दूसरा, तीसरा व चौथा मय फार्म नम्बर 06 की एक प्रति आउटर कवर में ब्राससील से सील कर सील अवस्था में अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाड़मेर को भिजवाने जाने का उल्लेख किया गया। प्रार्थी ने परिवाद में यह भी उल्लेखित किया गया कि खाद्य पदार्थ घी केशव ब्रांड की नमूना जांच रिपोर्ट फूड एनालिस्ट जोधपुर से

न्याय निर्णयन अधिकारी एव
अपर जिला मजिस्ट्रेट बाड़मेर

एलएस / 580 / एक्ट / 2017 / 580 दिनांक 21.06.2017 को अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाड़मेर को प्राप्त हुई, जिसके अनुसार नमूना जॉच में खाद्य पदार्थ घी (खुला) का नमूना पी. 791 अवमानक स्तर (Sub-standrad) पाया गया। उक्त प्रकरण में खाद्य पदार्थ घी (खुला) का विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 एंव नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2 (ii) का उल्लंघन करना पाये जाने के फलस्वरूप प्रार्थी खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बाड़मेर ने समुचित कार्यवाही किये जाने हेतु यह परिवाद पेश किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परिवाद के साथ गजट नोटिफिकेशन की प्रति, कार्यक्षेत्र का नोटिफिकेशन एंव संशोधित नोटिफिकेशन की प्रति,फार्म नम्बर 5 ए,नमूना खरीद रसीद, मौका फर्द, नमूना पी.791 जॉच रिपोर्ट अभिहित अधिकारी द्वारा पत्रावली पेश करने हेतु आवेदन फाईल करने बाबत लिखा गया पत्र की प्रति प्रस्तुत की गयी।

2. परिवाद प्राप्त होने पर प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। पत्रावली न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोक अदालत कोर्ट केम्प न्यायालय हाजा में रखी गई थी। प्रार्थी की ओर से सहायक लोक अभिभाषक प्रथम एवं अप्रार्थी मय वकील उपस्थित हुए।

3. अप्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रकरण का निस्तारण लोक अदालत की भावना से करवाना चाहता है। अप्रार्थी के विरूद्व नरमाई का रूख अपनाते हुए प्रकरण का निस्तारण लोक अदालत की भावना से करवाया जायें।

4. दोनो पक्षो को सुना गया। सहायक लोक अभियोजक प्रथम द्वारा जाहिर किया गया कि परिवाद में वर्णित तथ्यों एंव इसके साथ संलग्न दस्तावेजात तथा खाद्य विशलेषक जोधपुर से प्राप्त जॉच रिपोर्ट संख्या एलएस / 580 / एक्ट / 2017 / 580 दिनांक 21.6. 2017 के अनुसार अप्रार्थी द्वारा बेचा जा रहा घी (खुला) का नमूना पी. 791 अवमानक स्तर (Sub-standrad) का पाया गया जिसके लिये अभियुक्त अप्रार्थी दोषी प्रतीत होते है। अप्रार्थी पर खाध सुरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 एंव नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2 (ii) का उल्लंघन करने एंव अपराध कारित करने के फलस्वरूप उक्त

न्याय निर्णयन अधिकारी एव
अपर जिला मजिस्ट्रेट बाड़मेर

अधिनियम की धारा 51 अनुसार जुर्माना आरोपित किया जाकर, उसे दण्डित किया जाना उचित प्रतीत होता है।

5. अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि अप्रार्थी अभियुक्त पारसमसल द्वारा घी (खुला) का विक्रय करके खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 और विनियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2 (ii) उल्लंघन किया है। जिसके लिये उपरोक्त अधिनियम की धारा 51 में अवमानक स्तर (Sub-standrad) का पदार्थ पाये जाने पर शास्ति आरोपित किये जाने का प्रावधान है। अतः खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 एंव नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2 (ii) का उल्लंघन करने एंव अपराध कारित होने के फलस्वरूप लोक अदालत की भावना को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 51 के तहतं अभियुक्त पारसमल पर रूपये 5000/– अक्षरे रूपये पांच हजार मात्र की शास्ति आरोपित की जाती है। अभियुक्त उपरोक्त शास्ति की राशि मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी बाड़मेर के नाम डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से निर्णय तारीख 06.06.2018 से एक माह के अंदर–अंदर जमा कराकर रसीद प्राप्त करें।

(ओ0पी0बिश्नोई)
न्याय निर्णयन अधिकारी एंव
अपर जिला मजिस्ट्रेट, बाड़मेर
न्याय निर्णयन अधिकारी एवं
अपर जिला मजिस्ट्रेट बाड़मेर

न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट बाड़मेर (राज.)

निर्णय आज दिनांक 06.06.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

न्याय निर्णयन अधिकारी एंव
अपर जिला मजिस्ट्रेट बाड़मेर
न्याय निर्णयन अधिकारी एवं
अपर जिला मजिस्ट्रेट बाड़मेर